सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 119 | इंदौर, गुरुवार 14 नवंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# सीजन में पहली बार MP में 10° से नीचे पारा

## हिल स्टेशन पचमढ़ी में टेम्परेचर 9.6 डिग्री, उत्तरी हवाओं से बढ़ेगी सर्दी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल** । मध्यप्रदेश में ठंड का असर बढ़ने लगा है। सीजन में पहली बार पचमढ़ी में पारा 10 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। वहीं, प्रदेश के कई शहरों में रात का टेम्परेचर 1 डिग्री तक लुढ़का है। 15 नवंबर के बाद असर और बढ़ेगा। उत्तरी हवाओं से सर्दी बढ़ सकता है। प्रदेश के इकलौते हिल स्टेशन पचमढ़ी में दिन-रात दोनों ही सबसे ठंडे हैं। मंगलवार-बुधवार की रात में भी पचमढ़ी में टेम्परेचर 9.6 डिग्री सेल्सियस रहा। एक रात में 1 डिग्री की गिरावट हुई।

### वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर रहा तो आएंगी ठंडी हवाएं

मौसम वैज्ञानिक शिल्पा आप्टे ने बताया कि अभी मौसम शुष्क है। ज्यादातर शहरों में दिन का तापमान एवरेज 15-16 डिग्री और दिन में 31-32 डिग्री तक ही रहेगा। उन्होंने कहा-

पचमढ़ी, मंडला में टेम्परेचर लुढ़क सकता है। हिमालय की तरफ वेस्टर्न डिस्टबेंस की एक्टिविटी है। 14 नवंबर तक इसका मूवमेंट हो सकता है। यदि असर रहता है तो उत्तरी हवाएं प्रदेश में आने लगेगी। जिससे ठंड का असर थोड़ा बढ़ सकता है।

### नवंबर में सामान्य से नीचे नहीं जाएगा पारा

सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया, वर्तमान में प्रशांत महासागर में अलनीलो-ला नीनो की स्थिति न्यूट्रल है। वहीं, आईओडी भी हिंद महासागर में न्यूट्रल है। इस वजह से नवंबर के शुरुआती दिनों में तापमान का असर ज्यादा नहीं है। दिसंबर में पारा लुढ़कने लगेगा। आखिरी सप्ताह में कोल्ड वेव भी चलेगी।

### पचमढ़ी के साथ मंडला, शहडोल-अमरकंटक भी सर्द

प्रदेश में अभी पचमढ़ी के साथ मंडला, शहडोल और अमरकंटक की रात भी सबसे सर्द है। मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार-बुधवार की रात में पचमढ़ी में पारा सबसे कम 9.6 डिग्री रहा।

मंडला में 12 डिग्री, शहडोल-अमरकंटक में 12.7 डिग्री, शाजापुर में 12.8 डिग्री, बैतूल में 13.4 डिग्री, राजगढ़-सीधी में 14 डिग्री, उमरिया में 14.1 डिग्री, मलाजखंड में 14.2 डिग्री और छिंदवाड़ा में 14.4 डिग्री रहा। जबलपुर समेत 15 शहरों में पारा 15 डिग्री से कम रहा।

बड़े शहरों की बात करें तो जबलपुर सबसे ठंडा रहा। यहां न्यूनतम तापमान 14.5 डिग्री दर्ज किया गया। भोपाल में 15.5 डिग्री, इंदौर में 16.8 डिग्री, ग्वालियर में 16 डिग्री और उज्जैन में तापमान 16.2 डिग्री दर्ज किया गया। यहां दिन में भी हल्की सर्दी रही।



### नवंबर में ऐसा ही रहता है ट्रेंड

नवंबर में पिछले 10 साल जैसा ही ट्रेंड देखने को मिल रहा है। दिन गर्म है और रातें ठंडी। हालांकि, 15 नवंबर के बाद पारे में गिरावट देखने को मिलती है। 20 से 25 नवंबर के बीच कई शहरों में रात का टेम्परेचर 10 डिग्री के नीचे पहुंच जाता है।

### आगे ऐसा रहेगा मौसम

15 नवंबर से रात के तापमान में गिरावट का अनुमान है। अधिकांश शहरों में पारा 15 डिग्री से नीचे पहुंच सकता है। अभी पचमढ़ी, शाजापुर और अमरकंटक में ही पारा सबसे कम है।

दिन के तापमान में 1 से 2 डिग्री तक पारे में गिरावट होगी, लेकिन सामान्य से नीचे जाने की संभावना नहीं है।

आखिरी सप्ताह में ग्वालियर-चंबल संभाग के जिलों में बारिश होने का अनुमान है।

### भोपाल में गर्मी और सर्दी का ट्रेंड

नवंबर में राजधानी में रात का तापमान 9 से 12 डिग्री सेल्सियस पहुंच जाता है। पिछले 10 साल से ऐसा ही ट्रेंड रहा है। इस बार भी दूसरे सप्ताह से पारा तेजी से लुढ़केगा। मौसम विभाग के अनुसार, भोपाल में नवंबर में रात का तापमान 6.1 डिग्री तक पहुंच चुका है। यह 30 नवंबर 1941 को दर्ज किया गया था। इस महीने बारिश होने का ट्रेंड भी है। 10 साल में दो बार बारिश हो चुकी है। साल 1936 में महीने में साढ़े 5 इंच से ज्यादा पानी गिर चुका है।

### इंदौर में ठंड का असर

इंदौर में ठंड का असर रहता है। खासकर दूसरे सप्ताह से पारा तेजी से गिरता है। इस वजह से रातें ठंडी हो जाती हैं और टेम्परेचर 10 से 12 डिग्री के बीच रहता है। हालांकि, 25 नवंबर 1938 को पारा 5.6 डिग्री सेल्सियस तक जा चुका है। कभी-कभार बारिश भी हो जाती है। दिन में 31 से 33 डिग्री के बीच तापमान रहता है।

---

**लम्बे अरसे के बाद इंदौर में त्रिवेणी संगीत समारोह की सजेगी संगीत की महफिल**

# अगले माह एक ही मंच पर दिखेंगे भारतीय संगीत के तीन दिग्गज

- 30 दिसम्बर को होगा त्रिवेणी 3 एमपी कॉन्सर्ट
- भारतीय संगीत के तीन दिग्गज सितारें
- भजन गायक अनूप जलोटा
- गजल गायक हरिहरन
- गायक व संगीतकार - शंगर महादेवा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में लम्बे अरसे के बाद संगीत की एक बड़ी महफिल सजने वाली है। इस संगीत कार्यक्रम में भारतीय शास्त्रीय, भक्ति और समकालीन संगीत की त्रिवेणी देखने को मिलेगी। 31 दिसंबर की पूर्व संध्या यानी 30 दिसंबर को इंदौर में एमएच फिल्म्स के बैनर पर त्रिवेणी 3 मास्टर परफॉर्मर्स (3 एमपी) कॉन्सर्ट आयोजित हो रहा है। इस कॉन्सर्ट में भारतीय संगीत के तीन दिग्गज - अनूप जलोटा, हरिहरन और शंकर महादेवन इस संगीत भरी शाम को यादगार बनाएंगे। हालांकि आयोजकों ने इंदौर में संगीत की महफिल कहां सजेगी इसका खुलासा नहीं किया है, लेकिन टिकट बुकिंग शुरु हो चुकी है। त्रिवेणी 3 एमपी कॉन्सर्ट भारत और दुबई के 12 शहरों में होगा। आयोजकों ने 12 में से इंदौर समेत तीन शहरों के नाम और तिथियां घोषित कर दी है जबकि अगले 9 शहरों के नामों का ऐलान बाद में किया जाएगा।**

### इंदौर की तिथि तय

वैसे इंदौर उत्सव - आयोजनों का शहर माना जाता है। यहां पर गीत - संगीत समेत अलग अलग विधाओं के आयोजन होते ही रहते है। पिछले कुछ सालों से शहर में संगीत का एक भी बड़ा आयोजन नहीं हुआ है। अब वह इंतजार खत्म हो रहा है, क्योंकि अगले माह शहर में संगीत की एक बड़ी महफिल सजने वाली है। इसमें बॉलीवुड के जाने माने तीन दिग्गज सितारें अपनी प्रस्तुतियों से शहरवासियों को आनंदित करेंगे। बताया गया है की इंदौर में कार्यक्रम स्थल का खुलासा नहीं हुआ है, लेकिन कार्यक्रम की तिथि 30 दिसम्बर तय की गई है।

### अपनी-अपनी शैली में प्रस्तुतियां देंगे तीनों दिग्गज

भारतीय संगीत के तीनों दिग्गज अनूप जलोटा की भावपूर्ण भजन, हरिहरन की सुखदायक गजलें और शंकर महादेवन की बॉलीवुड शैली के गीत एक साथ प्रस्तुत करने के लिए एक ही मंच पर दिखेंगे। इस कॉन्सर्ट में गतिशील मंचन, उच्च तकनीक वाले विजुअल प्रभाव, इमर्सिव लाइटिंग और सिंक्रोनाइज्ड स्क्रीन प्रोजेक्शन होंगे, जो उनकी शैली के अनूठे सार को उजागर करने के लिए डिजाइन किए गए हैं।

भारत और दुबई समेत 12 शहरों में होने वाले इस संगीत कार्यक्रम की शुरुआत 27 दिसम्बर को अहमदाबाद से होगी। इसके बाद 29 दिसंबर को दिल्ली और 30 दिसंबर, 2024 को इंदौर में प्रदर्शन होंगे। इन तीन शहरों के बाद अगले 9 शहरों की घोषणा बाद में की जाएगी। सभी 12 शहरों में टिकट ऑनलाइन उपलब्ध रहेगी।

# इंदौर जिले में राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए 15 नवम्बर से राजस्व महाअभियान 3.0 होगा प्रारंभ

## राजस्व संबंधी प्रकरणों के निराकरण की होगी विशेष पहल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए आयोजित किए गए राजस्व महाअभियान के दोनों चरणों को मिली सफलता के बाद अब इसका तीसरा चरण भी प्रारंभ किया जा रहा है। राजस्व महाअभियान का तीसरा चरण आगामी 15 नवम्बर से प्रारंभ होगा, जो 15 दिसम्बर तक चलेगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए राजस्व महाअभियान 3.0 के संबंध में निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देश के परिपालन में राजस्व अभियान प्रारंभ किया जा रहा है।**

इंदौर जिले में भी प्रदेश के अन्य जिलों के साथ-साथ राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए 15 नवम्बर से विशेष महा अभियान प्रारंभ होगा। राज्य शासन द्वारा दिये गए दिशा-निर्देशों के अनुसार राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख में इंद्राज त्रुटियों को ठीक करने हेतु राजस्व महाअभियान 3.0 का आयोजन 15 दिसम्बर 2024 तक किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि राजस्व महा-अभियान प्रथम चरण एवं राजस्व महाअभियान के द्वितीय चरण की सफलता को देखते हुए राज्य शासन द्वारा राजस्व महाअभियान 3.0 का आयोजन किये जाने का निर्णय लिया गया है।

महा-अभियान के दौरान राजस्व न्यायालयों में (RCMS) लंबित प्रकरणों (नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरुस्ती इत्यादि) का समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जायेगा। नए राजस्व प्रकरणों को RCMS पर दर्ज कराने, नक्शे पर तरमीम, PMKISAN का सैचुरेशन एवं समग्र का आधार से e-kyc, खसरे की समग्र/आधार से लिंकिंग एवं फार्मर रजिस्ट्री सहित आमजन की राजस्व से संबंधित समस्याओं का निराकरण भी होगा। शासन के निर्देशानुसार पूर्व पारित आदेशों को खसरे एवं नक्शे में अमल किया जायेगा। समय सीमा पार कर चुके लंबित प्रकरणों को चिह्नित किया जाकर तथा न्यायालय में नियमित सुनवाई आयोजित कर नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती के प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। लैंड पार्सल को समग्र से लिंक करने की कार्यवाही को महा-अभियान के दौरान पूरा करने का प्रयास किया जायेगा। पीएम किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत पूर्व में छूटे पात्र हितग्राही को जोड़ा जायेगा। साथ ही अपात्र हितग्राहियों को चिह्नित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त पीएम किसान हेतु लंबित ई-केवायसी एवं आधार सीडिंग पूर्ण की जायेगी।

स्वामित्व योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख का वितरण किया जायेगा। पीएम किसान योजना हेतु फार्मर आईडी को दिसंबर 2024 से अनिवार्य किया गया है, आगामी समय में फार्मर आईडी अन्य योजनाओं में भी अनिवार्य होगा, इसको देखते हुए किसानों की सहभागिता से फार्मर आईडी जनरेट करने की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी। प्रदेश में फार्मर रजिस्ट्री का प्रबंधन mpfr.agristack.gov.in पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य यह है कि कृषक किसान क्रेडिट कार्ड हेतु ऑनलाईन आवेदन कर सकें एवं नियमानुसार पात्रता होने पर 30 मिनिट में राशि किसानों को प्राप्त हो सके। इसके माध्यम से पीएम किसान योजना हेतु आवेदन भी किया जा सकेगा। पीएम किसान योजना हेतु फार्मर आईडी को दिसम्बर 2024 से अनिवार्य किया गया है, कृषक स्वयं अथवा पटवारी फार्मर आईडी बनाये जाने की कार्यवाही कर सकते हैं। छूटे हुए पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन भी संबंधित पटवारी द्वारा किया जाएगा। किसान भी उक्त पोर्टल एवं एप के माध्यम से कार्यवाही सुनिश्चित कर सकते हैं। आगामी समय में फार्मर आईडी अन्य योजनाओं में भी अनिवार्य होगी। इसका अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कर किसानों की सहभागिता से फार्मर आईडी जनरेट करने की कार्यवाही पूर्ण की जाएगी।

पीएम किसान योजना सैचुरेशन संबंधी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। जिसके अंतर्गत छूटे हुए पात्र हितग्राहियों को योजना में जोड़ा जाएगा। अपात्र हितग्राहियों की जानकारी पीएम किसान पोर्टल पर अद्यतन की जाएगी। लंबित ई-केवायसी की कार्यवाही पीएम किसान एप, पीएम किसान पोर्टल के माध्यम से ओटीपी द्वारा, सीएससी केन्द्र के माध्यम से बॉयोमेट्रिक द्वारा अथवा पीएम किसान एप के माध्यम से फेस रिकग्निशन द्वारा पूर्ण की जाएगी। अभियान के समन्वय हेतु मध्यप्रदेश भू-अभिलेख प्रबंधन समिति अपर संचालक भोपाल श्रीमती नमिता खरे (9406723636, 9691872565) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। राजस्व महा-अभियान की जिलेवार प्रगति राजस्व महा अभियान डैशबोर्ड (सारा पोर्टल) में उपलब्ध कराई जाएगी। डैशबोर्ड (सारा पोर्टल) पर राजस्व अधिकारी अपने स्वयं के न्यायालय और अधीनस्थ न्यायालयों में अभियान की प्रगति देख सकेंगे।

# सत्य साईं चौराहा से न्याय नगर रोड़ पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही

### कालोनी में सार्वजनिक मार्ग बंद कर लगवाए गए गेट भी हटवाये

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कलेक्टर श्री आशीष सिंह के मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देश पर इंदौर में यातायात को सुगम बनाने के लिए लगातार विशेष प्रयास किए जा रहे है। राजस्व, पुलिस एवं नगर निगम द्वारा लगातार अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा रही है। एसडीएम श्रीमती कल्याणी पांडे के नेतृत्व में आज सत्य साईं चौराहा से न्याय



नगर रोड़ पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। एसडीएम श्रीमती पांडे ने बताया कि यातायात को सुगम बनाने के लिए सत्य साईं चौराहे से न्याय नगर मार्ग पर प्रशासन व नगर निगम द्वारा कार्यवाही जारी रखते हुए कई अवैध अतिक्रमण हटाए गए। साथ ही IDA द्वारा पूर्व में बनाई गई कालोनी में सार्वजनिक मार्ग को बंद करते हुए वहाँ गेट लगा दिये गए थे, जिन्हें भी हटवाने की कार्यवाही की गई। इससे मुख्य मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा। उन्होंने बताया अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# बच्चों को निमोनिया रोग से बचाव के लिए सांस अभियान का हुआ शुभारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बच्चों को निमोनिया रोग से बचाव तथा जागरूकता के लिए सांस अभियान संचालित किया जा रहा है। सांस अभियान का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी. एस. सैत्या द्वारा किया गया। यह अभियान 12 नवंबर 2024 से 28 फरवरी 2025 तक जिले में चलाया जाएगा। डॉ. सैत्या ने बताया कि 05 वर्ष तक के बच्चों में सबसे अधिक मृत्यु का कारण निमोनिया संक्रमण होता है। इस आयु वर्ग के बच्चों में 17.4 प्रतिशत मृत्यु निमोनिया के कारण होती है। निमोनिया से होने वाली मृत्यु को 03 प्रति हजार जीवित जन्म पर लेकर आना है और इस अभियान के माध्यम से बच्चों की निमोनिया से होने वाली शिशु मृत्यु दर में कमी लाना है। उन्होंने बताया कि इस अभियान में महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, श्रम विभाग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक कल्याण विभाग का सहयोग लिया जाकर व्यापक जागरूकता के प्रयास किए जाएंगे।

### ◆ सरकारी स्कूल के छात्रों को मिलेगा निजी स्कूल का अनुभव

# इंदौर राउंड टेबल 242 द्वारा तिल्लोर खुर्द में चार क्लासरूम का भूमिपूजन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। राउंड टेबल इंडिया द्वारा पूरे देश में आरटीआई सप्ताह के दौरान विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इसके अंतर्गत तिल्लोरखुर्द सरकारी स्कूल में 4 क्लासरूम ब्लॉक के निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। इंदौर राउंड टेबल अब तक इंदौर में 20 क्लास रूम का निर्माण करवा चुका है। टेबल के चेयरमैन अभिमन्यु नारंग व आरटीआई संयोजक राहुल भंडारी ने बताया कि तिल्लोरखुर्द स्कूल में भूमि पूजन के साथ 4 कक्षाओं वाले ब्लॉक का निर्माण किया जाएगा, जो निजी स्कूल के स्तर का होगा। इस नए ब्लॉक से हर साल 160 नए बच्चों को पढ़ाई का अवसर मिलेगा, जिससे स्कूल में वर्तमान स्थान की कमी को पूरा करने में सहायता मिलेगी। इसके साथ ही, कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में 100 बेंचों का दान किया गया। 14 नवंबर को पिथमपुर स्थित सिनकाम फॉर्मुलेशंस में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। 15 नवंबर को 200 बच्चों को मैकडॉनल्ड्स ले जाकर उन्हें भोजन कराया जाएगा। 17 नवंबर को सभी राउंड टेबल सदस्यों और उनके परिवारों के साथ एक पॉटलक डिनर का आयोजन होगा, जिसमें आरटीआई सप्ताह की सफलता पर चर्चा की जाएगी।

### भारत का पहला वैश्विक भैरव अष्टमी महोत्सव आज से

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की दिशा में अखिल भारतीय बटुक भैरव भक्त मंडल, राष्ट्र संत डॉ.वसंत विजय जी महाराज, जो कि पार्श्व पद्मावती शक्ति पीठ धाम, कृष्णगिरि,तमिलनाडु के पीठाधीश्वर हैं, के नेतृत्व में 15 नवंबर से 23 नवंबर तक नौ दिवसीय भव्य भैरव अष्टमी महोत्सव का आयोजन कर रहा है। यह आयोजन मध्य प्रदेश के नीमच स्थित दशहरा मैदान में होगा और भक्ति तथा सांस्कृतिक धरोहर का अनूठा संगम प्रस्तुत करेगा।डॉ. वसंत विजय जी महाराज के अनुसार भैरव अष्टमी पर आयोजित कष्ट हरण महायज्ञ और कथा साधना का विशेष महत्व है। इसका उद्देश्य देश को संभावित आर्थिक संकट और महामारी से बचाना है। यह यज्ञ न केवलदेश की सुख-समृद्धि और शांति के लिए किया जाएगा, बल्कि भक्तों के लिए भक्तिऔर आस्था का प्रकाश भी प्रसारित करेगा।

# इंदौर इंटरनेशनल लॉ कॉलेज ने लगाया विधिक सहायता शिविर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर इंटरनैशनल विधि महाविद्यालय सोलसिंडा द्वारा नि:शुल्क लीगल एड कैम्प का आयोजन ग्राम राजोदा तहसील सॉवेर में किया गया। इसके जरिए ग्रामीणों को जागरूक किया गया। लगभग 50 ग्रामीणों ने यहाँ विधिक सहायता ली।**




महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. नेहा शर्मा चौधरी ने बताया कि विधिक सहायता से ग्रामीणों में जनजागरण लाने हेतु यह कार्यक्रम किया गया। विशेषज्ञ वक्ता के रूप मिथिलेश देहरिया (डी.एल.ओ. जिला न्यायालय इंदौर), आशीर्वाद चौरसिया (चीफ लीगल एंड डिफेंस काउंसिल, इंदौर उच्च न्यायालय खंडपीठ) उपस्थित रहे। विशेष रूप से संस्था के समूह निदेशक डॉ. पुनीत कुमार द्विवेदी, डीन डॉ. आराधना माईकल एवं राजोदा के सरपंच आजाद सिंह तंवर उपस्थित रहे।

अतिथियों ने पौधरोपण कर शिविर का उद्घाटन किया। डॉ. द्विवेदी ने लीगल एड की अवधारणा को प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. द्विवेदी ने बताया कि भविष्य में भी विधिक सहायता शिविर लगाए जाएंगे। अतिथि श्री देहरिया ने परामर्श देते हुए बताया कि जिला विधिक सहायता प्राधिकरण, राज्य विधिक सहायता प्राधिकरण एवं राष्ट्रीय विधिक सहायता प्राधिकरण द्वारा विभिन्न प्रकार की नि:शुल्क विधिक सहायता की जाती है, जिसकी जानकारी ग्राम वासियों को होनी चाहिए। आशीर्वाद चौरसिया ने बताया कि जिसे भी नि:शुल्क विधिक सहायता चाहिए, वह इंदौर उच्च न्यायालय परिसर स्थित विधिक सहायता केंद्र पर पहुँच कर प्राप्त कर सकता है। कैंप का संचालन एड. स्वप्निल तिवारी ने किया। आभार डॉ. अतुल लाडना ने ज्ञापित किया।

# 500 से अधिक फुटेज खंगाले, तब मिले 2 चेन लुटेर

## 60 वर्षीय महिला से की थी वारदात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महू की कोतवाली पुलिस ने जैन गली में महिला से चेन स्नैचिंग के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।**

दरअसल, बदमाश 5 नवंबर को पोते के साथ जैन गली से गुजर रही 60 वर्षीय मधु राठौर के गले से ढाई तोले की सोने की चेन खींचकर भाग गए थे। ग्रामीण एसपी हितिका वासल, एडिशनल एसपी रूपेश द्विवेदी, एसडीओपी उमाकांत चौधरी ने घटना स्थल का निरीक्षण कर तीन टीमें बनाई थीं। इस दौरान पुलिस ने करीब 500 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसके आधार पर आरोपियों की पहचान हुई।

एएसपी रूपेश द्विवेदी ने बताया कि कोतवाली थाना प्रभारी संजय द्विवेदी के नेतृत्व में तीन टीमों ने महू, इंदौर, पीथमपुर और सिमरोल रोड के 500 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले। घटना स्थल के आसपास रहने वाले लोगों एवं दुकानदारों से पूछताछ की। बदमाशों की बाइक के हुलिये के आधार पर जामली रोड श्रीगणेश ढाबा के पास से आरोपी कपिल और राज को गिरफ्तार कर लिया। दोनों धार जिले के रातिखेड़ा गांव के रहने वाले हैं। इनसे वारदात में इस्तेमाल हॉण्डा शाइन बाइक और लूटी गई 2.5 तोले की सोने की चेन बरामद की है। इसकी कीमत ढाई लाख रुपए से ज्यादा है।

# रेनेंसा यूनिवर्सिटी के छात्र पहुंचे पुलिस कंट्रोल रुम

### डायल 100 की सेवा और कैमरा सर्विलांस की प्रणाली जानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। पुलिस का जनता में बेहतर समन्वय बनाने के उद्देश्य से पुलिस बालमित्र, स्टूडेंट्स ओरिएंटेशन प्रोग्राम कराए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से स्टूडेंट्स और आमजनो को पुलिस की सेवाओं से परिचित कराया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को रेनेंसा यूनिवर्सिटी के फोरेंसिक साइंस डिपार्टमेंट के छात्र-छात्राओं को पुलिस कंट्रोल रूम का भ्रमण कराया गया। छात्रों को अधिकारियों ने डायल-100, सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम, 112-इमरजेंसी एप्लिकेशन और विभिन्न हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी। कंट्रोल रूम इंचार्ज एसीपी सुभाष सिंह, निरीक्षक इंदल सिंह पंडितिया ने स्टूडेंट्स को बताया कि आप घर बैठे पुलिस संबंधी समस्या की शिकायत डायल-100 पर कर सकते हैं। डायल- 100 की नई व्यवस्था ने अब सभी प्रकार की आपात स्थितियों के अपराधों को रिपोर्ट करने पर आपकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी। वाहन चोरी और दुर्घटना होने पर संबंधित थाने में लिखित आवेदन देकर जांच अधिकारी के साथ आकर सर्विलेंस सेवा केंद्र में रिकॉर्डिंग भी देख सकते हैं।

# उज्जैन के बाद नहीं मिल रहे लुटेरों के फुटेज

## अब लुटेरी गैंग के सदस्यों पर निगरानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। राणी सती गेट के समीप रियल इस्टेट कारोबारी से लूट की वारदात करने वाले बदमाशों को पकड़ने पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। अलग-अलग टीमें विभिन्न जिलों में रवाना की गई है, ताकि आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके। वारदात के बाद बदमाश लवकुश चौराहा से होते हुए उज्जैन तरफ गए थे। उज्जैन तक के फुटेज में आरोपी नजर आ रहे हैं, लेकिन इसके आगे के फुटेज नहीं मिल पाए हैं। उज्जैन से रतलाम, कोटा, राजस्थान की ओर वाहन जाते हैं। फुटेज मिलने से यह पता चल सकेगा कि बदमाश इन तीनों क्षेत्रों में से किस तरफ गए।

### कहां से आए पता लगाएगी पुलिस

मंगलवार को पुलिस ने आटो रिक्शा चालक से पूछताछ की थी। आटो चालक ने दोनों बदमाशों को पाटनीपुरा चौराहा से बैठाकर सरवटे बस स्टैंड पर उतारा था। यह पता नहीं चल पा रहा है कि बदमाश पाटनीपुरा तक कैसे पहुंचे। बदमाश रिक्शा में बगैर मास्क और टोपी लगाए बैठे थे, जिससे उनके चेहरे सामने आ गए हैं। मामले में पुलिस ने कई संदिग्धों को हिरासत में ले लिया है। पूछताछ में लूट करने वाले बदमाशों के बारे में अहम सुराग हाथ लगे हैं। सूत्रों की मानें तो एक-दो दिन में पुलिस वारदात का खुलासा कर देगी।

# ट्रकों की आपसी भिड़ंत में चालक की मौत

## केबिन में फंसे ड्राइवर को बड़ी मशक्कत के बाद निकाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पीथमपुर के सेक्टर एक थाना क्षेत्र में दो माल वाहनों की भिड़ंत में एक वाहन चालक की मौत हो गई। वाहन चालक को बड़ी मशक्कत के बाद ट्रक के केबिन से निकाला गया।**

मामले की जानकारी देते हुए प्रधान आरक्षक रूपराव तनपुरे ने बताया कि गुरवार सुबह ट्राला का चालक टंटया मामा चौराहा तारपुरा सेक्टर का चालक अपने वाहन को तेजगति और लापरवाही पूर्वक चलाकर बिना संकेत दिए अचानक से ब्रेक मार दिया, जिससे आयशर का चालक वाहन के पीछे से टकरा गया। टक्कर लगने से ऑयशर का चालक केसर सिंह पिता पीरूसिंह उम्र 57 साल दिवा लोजोस्टक प्रायवेट लिमिटेड बजरंगपुरा थाना बेटमा ऑयशर वाहन में बुरी तरह केबिन में फंस गया जिसे राहगीरों और पुलिस ने बड़ी मशक्कत के बाद निकाला और नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया लेकिन जब तक उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया है। जबकि आरोपी ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

### मिनी ट्रक ने मैजिक को टक्कर मारी, पांच घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। पीथमपुर के बगदून थाना क्षेत्र के महू-नीमच मार्ग पर ब्रिजस्टोन कंपनी के सामने सडक़ हादसे में पांच लोग घायल हो गए। जिसमें दो की हालात गंभीर होने से उन्हें इंदौर रेफर किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना बुधवार दोपहर 3 बजे करीब की है। ब्रिजस्टोन कंपनी के सामने एक मिनी ट्रक ने मैजिक वाहन को डिवाइडर तोड़ते हुए जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मैजिक में सवार पांच यात्री घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही बगदून थाने का पुलिस बल मौके पर पहुंचा व क्षतिग्रस्त मैजिक वाहन से घायलों को निकाल कर अस्पताल पहुंचाया। जहां से दो को गंभीर हालात में इंदौर रेफर किया गया।

### शराबियों ने वाहनों पर बरसाए पत्थर

**इंदौर**। शराब पीने के पैसे देने से मना करने पर आरोपियों ने बुजुर्ग के साथ मारपीट की और वहां खड़े तीन वाहनों पर पथराव कर तोडफोड़ कर दी। विजय नगर पुलिस ने बताया कि घटना 11 नवंबर की रात करीब 12 बजे शीतल नगर में आइडीए मैदान में भूसे की दुकान के पास हुई। पुलिस ने पुरूषोत्तमसिंह तोमर (66) की रिपोर्ट पर शुभम, मोंटी उर्फ पीयूष और बंटी के खिलाफ केस दर्ज किया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि मैं खाना खाकर मंदिर वाली गली में टहल रहा था। रात में तीनों आरोपी मुझे देखकर मेरे पास आए। मुझसे शराब पीने के लिए पैसे की मांग करने लगे। जब मैंने पैसे देने से मना किया तो उन्होंने मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी। मैंने शोर मचाया तो आरोपियों ने पथराव कर मेरी कार और मेरी कार के पास रखी अंकित की गाड़ी और राहुल की कार में तोडफोड़ कर दी। फिर आरोपी धमकी देकर भाग गए।

### प्रदूषण रोकने के लिए निगम कर रहा पानी का छिड़काव

**इंदौर**। देव उठनी ग्यारस पर पूरे शहर में आतिशबाजी और बाजारों में फैली गंदगी को सफाई मित्रों ने दोपहर होने के पहले ही पूरे शहर साफ कर दिया। निगम के सफाई मित्रों की टीम ने सुबह 6 की जगह दो घंटे पहले ही मोर्चा संभाल लिया। इसके चलते समय से पहले ही शहर का अधिकांश हिस्सा साफ हो गया। सफाई मित्रों के साथ निगम आयुक्त शिवम वर्मा और सभी अधिकारी भी फील्ड में उतरे। अफसरों ने राजवाड़ा, बीआरटीएस, खजराना चौराहा, राजीव गांधी चौराहा, नंदा नगर, विजय नगर इलाकों का दौरा किया। वर्मा को जहां गंदगी दिखाई दी, वहां सफाई को लेकर निर्देश दिए। आतिशबाजी के कारण हुए प्रदूषण को रोकने के लिए पानी का छिड़काव भी किया गया। निगमायुक्त ने कहा जहां भी प्रदूषण अधिक हो रहा है, वहां इस तरह से पानी का छिड़काव नियमित किया जा रहा है। आयुक्त के निर्देश पर निगम के समस्त अपर आयुक्त, विभाग प्रमुख, स्वास्थ्य अधिकारी, सीएसआई, दरोगा, और सफाई मित्र दोपहर तक इंतजाम में जुटे रहे।

# ठेलेवाले ने निगमकर्मी पर किया दराते से हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। अतिक्रमण हटा रहे निगमकर्मी पर ठेला दुकानदार ने दरात से हमलाकर घायल कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज किया है। बाणगंगा पुलिस के मुताबिक घटना मंगलवार शाम एमआर-10 टोल के पास हुई। घायल का नाम कमल पिता शंकरलाल (54) निवासी छत्रीबाग है। उसकी रिपोर्ट पर राधेश्याम और विजय निवासी नरवल कांकड़ सांवेर रोड पर केस दर्ज किया।**

कमल ने पुलिस को बताया कि मैं निगम के वाहन से साथी कर्मचारी राजेश चौहान, लोकेश दामते, आशुतोष के साथ था। हम रोड से हाथ ठेलों को हटा रहे थे, तभी राधेश्याम को गन्ने की चरखी रोड पर से हटाने का बोला। इस पर वह और उसका लडका विजय गाली देने लगे। मैंने मना किया तो आरोपियों ्दराते से वार कर दिया जो हाथ में लगा। आरोपियों ने आशुतोष को ल_ से मारा।

### परेड के बाद भी नहीं सुधरे बदमाश

इंदौर। चाकूबाजों को पकडक़र पुलिस ने थाने पर उनकी परेड कराई थी। समझाइश दी थी कि वे हथियार लेकर नहीं चले। क्षेत्र में किसी प्रकार के अपराध करने से भी बचें, लेकिन बदमाशों पर समझाइश का कोई असर नहीं हुआ। तुकोगंज पुलिस ने क्षेत्र में चाकू लेकर लोगों को धमकाने के मामले में सुनील पिता भुजबल कुशवाह निवासी गोटू की चाल और आशीष कंदेला निवासी पांडे का बगीचा है। दोनों को अलग-अलग क्षेत्र से पकड़ा गया।

## इंदौर में स्वामी मुकुंदानंद के प्रवचन

# सच्चा आनंद केवल भक्ति में है और भगवान का स्मरण ही मोह-माया से कर सकता है मुक्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। जगदगुरु शंकराचार्य ने देश के चारों कोनों में धर्म, संस्कृति और अध्यात्म के प्रचार के लिए चार पीठ स्थापित किए और अपने चार प्रमुख शिष्यों को इन पीठों का उत्तराधिकारी बनाए। इस तरह धर्म, संस्कृति के प्रचार की ऐसी योजना बनाई कि उनके संन्यासी शिष्य पूरे देश में अलग-अलग जगहों पर पहुंचकर वैदिक शिक्षा का प्रचार-प्रसार करें और जब 12 वर्ष में एक बार कुम्भ मेला लगे तो सभी संत और विद्वान आपस में मिलकर देश की सनातन संस्कृति को मजबूत एवं समृद्ध बनाने की चर्चा करें। आज भी शंकराचार्यजी द्वारा स्थापित परंपरा एवं कुम्भ मेले का लक्ष्य हम सबके सामने है। शंकराचार्य ने आम लोगों को यही संदेश दिया कि सच्चा आनंद और मुक्ति केवल भक्ति में ही है और भगवान का स्मरण ही हमें संसार के मोह-माया से मुक्त कर सकता है।

रवीन्द्र नाट्य गृह में विश्व विख्यात संत और जगदगुरु स्वामी कृपालु महाराज के परम शिष्य, आईआईटी और आईआईएम जैसी उच्च उपाधि प्राप्त स्वामी मुकुंदानंद ने जे.के. योग इंदौर सेंटर के की मेजबानी में आयोजित व्याख्यानमाला के दूसरे दिन अपने दिलचस्प अंदाज और सरल हिन्दी में उक्त प्रेरक विचार व्यक्त किए।

**भक्ति और ज्ञान एक-दूसरे के पूरक-**

बुधवार शाम को आयोजित इस प्रवचनमाला में स्वामी मुकुंदानंद ने कहा कि शंकराचार्यजी का जीवन इस बात का प्रतीक है कि भक्ति और ज्ञान एक-दूसरे के पूरक हैं। शंकराचार्य के आदर्शों पर चलकर व्यक्ति को आत्मिक शांति तो प्राप्त होगी ही, व्यक्ति चाहे तो अपने जीवन को भी एक उच्च और परम लक्ष्य से जोड़ सकता है। व्याख्यान शुभारंभ के पूर्व जे.के. योग इंदौर सेंटर के राजेन्द्र माहेश्वरी, जे.पी. फड़िया एवं महेश गुप्ता आदि ने उनका स्वागत किया। स्वामीजी ने अपने चिर-परिचित अंदाज में भक्तों को मनोहारी भजनों पर भी खूब थिरकाया।

# सरकारी होटलों में मिलेंगे दाल-बाफले और दाल-पानिया

## साल भर खुला रहेगा हनुमंतिया, डेस्टिनेशन वैडिंग स्पॉट की तरह करेंगे डेवलप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल,(एजेंसी)। मध्यप्रदेश में एमपी टूरिज्म की होटलों में अब मालवा के प्रसिद्ध दाल-बाफले, निमाड़ के दाल पानिये और ज्वार-मक्का की रोटी भी मिलेगी। मेन्यू में इन्हें खास तौर पर शामिल किया जाएगा। वहीं, खंडवा के हनुमंतिया टापू को डेस्टिनेशन वैडिंग स्पॉट की तरह डेवलप किया जाएगा। वाटर स्पोर्ट्स और एडवेंचर एक्टिविटी के लिए अब 3 या 6 महीने की बजाय इसे सालभर ओपन रखा जाएगा।**

पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने बुधवार को पर्यटन राज्य विकास निगम में समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि टूरिज्म विभा की होटलों के मैन्यू में स्थानीय व्यंजन अनिवार्य रूप से शामिल किए जाएं। टूरिस्ट को होटल में स्थानीय भोजन की उपलब्धता के बारे में जानकारी भी दें। उन्होंने बताया कि नर्मदापुरम में होने वाली रीजनल इनवेस्टर्स समिट में अतिथियों को स्थानीय और मिलेट से बने व्यंजन परोसे जाएंगे।



### मालवा-निमाड़ का भोजन है दाल-बाफला

दाल-बाफला मालवा-निमाड़ यानी, इंदौर और उज्जैन का प्रमुख स्थानीय भोजन है। शादियों में भी दाल-बाफला बनाया जाता है। इंदौर, उज्जैन, देवास, रतलाम, मंदसौर, नीमच, शाजापुर, आगर-मालवा, खंडवा, खरगोन समेत कई जिलों में कई लोग इसका स्टार्ट-अप शुरू कर चुके हैं। भोपाल, नर्मदापुरम संभाग में भी यह खाने को मिलता है। लेकिन एमपी टूरिज्म की होटलों के मेन्यू में नहीं होने से बाहरी टूरिस्ट इससे वंचित रह जाते हैं। इसलिए अब ये भी मेन्यू में शामिल किया जाएगा।

### हनुवंतिया में होटल-रिसोर्ट बनाएगा निगम

पर्यटन राज्य विकास निगम खंडवा के हनुवंतिया में होटल और रिसोर्ट बनाएगा। मंत्री लोधी ने हनुवंतिया को सालभर का टूरिस्ट स्पॉट बनाने की बात कही है। हनुवंतिया में 3 से 6 महीने के लिए टेंट सिटी बनाई जाती है। इसे सालभर तक चलाने की बात कही है। होटल-रिसोर्ट बनने से हनुवंतिया डेस्टिनेशन वैडिंग स्पॉट के रूप में डेवलप हो सकेगा।

### टूरिस्ट से रिव्यू लेंगे, स्टेट लेवल डैश बोर्ड बनेगा

मंत्री लोधी ने कहा कि पर्यटकों द्वारा दिए जा रहे रिव्यू का विशेष ध्यान दें। होटल में सुझाव के लिए बॉक्स रखें। अतिथियों की रिव्यू की मॉनिटरिंग के लिए स्टेट लेवल डैश बोर्ड बनाएं। पॉजिटिव रिव्यू को वेबसाइट पर प्रदर्शित करें। नेगेटिव रिव्यू को गंभीरता से लेकर होटल की सुविधाओं में सुधार करें। वहीं, होटलों की संख्या और कमरों में भी वृद्धि की जाएगी। पुराने होटलों का मूल्यांकन कर उन्हें रेनोवेट करने के प्लान भी तैयार होंगे। कम ऑक्यूपेंसी वाली होटलों और संपत्तियों के उचित निराकरण के लिए प्लान बनेंगे।

### सैर सपाटा के आवंटन में देरी पर नाराज हुए मंत्री

भोपाल के सैर सपाटा में दुकानों के आवंटन में देरी होने पर मंत्री लोधी नाराज हो गए। उन्होंने मीटिंग में अपनी नाराजगी जाहिर की। कहा कि पीपीपी मोड पर देने की कार्रवाई एक महीने में पूरी करें।

### अभी 50 हजार रुपए दी जाती है अनुग्रह राशि

मंत्री लोधी ने कहा कि पर्यटन निगम के अधिकारी और कर्मचारियों की मृत्यु होने पर दी जाने वाली अनुग्रह सहायता राशि 50 हजार से दोगुना कर एक लाख रुपए की जाए। मंत्री लोधी को प्रेजेंटेशन के माध्यम से पर्यटन निगम की संपत्तियों, गतिविधियों, उपलब्धियों, नवाचारों के साथ अधिकारियों और कर्मचारियों की स्थिति से अवगत कराया गया। निगम के प्रबंध संचालक इलैया राजा टी. सहित पर्यटन निगम के अधिकारी मौजूद थे।

# बोलेरो का टायर फटा खड़े ट्रक से टकराई

## पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष गंभीर, पत्नी की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम, (एजेंसी)। नर्मदापुरम में बेकाबू बोलेरो खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में केसला के पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष गणपत उइके की पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। गणपत उइके और उनकी नातिन घायल हो गए।**

एक्सीडेंट औबेदुल्लागंज-बैतूल नेशनल हाइवे 46 पर मंगलवार शाम करीब 7 बजे हुआ। गाड़ी बुरी तरह डैमेज हो गई। उसकी छत उखड़ गई।

सूचना मिलते ही केसला थाना प्रभारी श्रीनाथ झरबड़े, डायल 100 और 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंचे। राहगीरों की मदद से तीनों को सुखतवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यहां डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। गणपत उइके को प्राथमिक उपचार के बाद इटारसी रेफर किया गया।

पुलिस ने बताया कि गणपत उइके, पत्नी अनोखी बाई (57) और नातिन सलोनी (16) के साथ देवउठनी एकादशी मनाने दौड़ी झुनकर से बानाबीड़ गांव जा रहे थे। गणपत ही ड्राइव कर रहे थे। इसी दौरान सुखतवा से आगे मॉडल स्कूल के पास उनकी गाड़ी का टायर फट गया। गाड़ी स्पीड में होने से उसका संतुलन बिगड़ा और सड़क किनारे ट्रक से जा टकराई।

### ट्रक में फंस गई थी बोलेरो

केसला थाना प्रभारी श्रीनाथ झरबड़े ने बताया- ट्रक का टायर पंचर होने से वो सड़क किनारे खड़ा था। एक्सीडेंट के बाद बोलेरो ट्रक में फंस गई थी। जिसे मशक्कत के बाद निकाला जा सका। सलोनी मामूली घायल हुई है जबकि गणपत के चेहरे और सिर पर चोट लगी है।

## डीएसपी दोस्त को देख घबराया सब्जीवाला : फिर कहा-

# आपको पहचान लिया, अफसर ने लगाया गले

भोपाल, (एजेंसी)। भोपाल के अप्सरा टॉकीज इलाके में रोजाना की तरह बाजार चल रहा है। इस बीच मध्यप्रदेश पुलिस के बड़े अधिकारी की गाड़ी सब्जी के ठेले के पास आकर रुकी। गाड़ी के ड्राइवर ने बगल में ही ठेला लगाए सब्जी बेचने वाले का नाम पुकारा- सलमान खान...।

पुलिस जीप और अपना नाम पुकारे जाने से सलमान घबरा गए। गाड़ी से अधिकारी उतरे, उनकी घबराहट और बढ़ गई, लेकिन थोड़ी ही देर में ये घबराहट खुशी में बदल गई। सब्जी व्यापारी ने डीएसपी संतोष पटेल को पहचान लिया। दोनों मुस्कुराए और गले मिले।

बात 9 नवंबर की रात 8 बजे की है। डीएसपी संतोष पटेल ने अपने अकाउंट पर इस मुलाकात का वीडियो शेयर कर सब्जी व्यापारी की दरियादिली की तारीफ की। संतोष 14 साल पहले भोपाल में पढ़ाई कर रहे थे, तब सलमान के पास रोजाना सब्जी लेने आते थे। दोनों में इतनी अच्छी दोस्ती हो गई थी कि सलमान उन्हें जरूरत पड़ने पर फ्री में सब्जियां तक दे दिया करते थे।

डीएसपी संतोष पटेल ग्वालियर में तैनात हैं। वे अपने परिवार में पहले पुलिस अधिकारी हैं। मुश्किलों के बीच उन्होंने भोपाल से इंजीनियरिंग की और एमपी पब्लिक सर्विस कमीशन की तैयारी की। ऐसे में जब उनकी जेब तंग होती थी, तो सलमान उन्हें बिना पैसे लिए सब्जियां दे दिया करते थे।

डीएसपी ने पोस्ट में लिखा-सलमान खान से भोपाल में इंजीनियरिंग की पढ़ाई के समय मुलाकात हुई थी। ये हमारी भावनाओं को समझकर फ्री में सब्जी दे दिया करते थे। 14 साल बाद जब अचानक मिले, तो हम दोनों बहुत खुश हुए। बुरे समय में साथ निभाने वाले को भूल जाना किसी पाप से कम नहीं। बंदे में एक दोष न हो, बंदा एहसान फरामोश न हो।

**डीएसपी ने पूछा- मुझे जानते हो, जवाब मिला- हां, बिल्कुल-** इस पर डीएसपी ने जो वीडियो पोस्ट किया है, उसमें वे सलमान से पूछते हैं, क्या नाम है तुम्हारा, मेरे को पहचानते हो? सलमान ने जवाब दिया, हां, बिल्कुल अच्छी तरह। आप मेरे पास सब्जी लेने भी आते थे। इसके बाद डीएसपी कहते हैं, ये भाई पुलिस की गाड़ी देखकर डर रहा था। साल 2009 से लेकर 2013 तक हम यहीं रहे हैं।

जब कभी खाने के लिए पैसे नहीं होते थे, तो इनसे भटा (बैंगन) और टमाटर ले जाया करते थे। ऐसे दोस्ती हो गई थी इनसे...। जब दुकान बंद करता था, तो मेरे हिस्से का भटा और टमाटर जरूर निकालता था। फिर हम कहीं भर्ता भूंज कर खाते थे।

सब्जी व्यापारी ने कहा-पुलिस लिखी गाड़ी मेरे पास आकर रुकी और इसके ड्राइवर ने पूछा- सलमान कौन है? मैं घबरा गया था। मैंने कहा कि मैं हूं, तो उन्होंने मुझे बुलाया। इस पर और भी डर गया। गाड़ी में पीछे डीएसपी संतोष पटेल बैठे हुए थे। उन्होंने पूछा मेरे को पहचानते हो, मैंने कहा कि हां, अच्छी तरह से सर...।

**डीएसपी संतोष पटेल गाड़ी से उतरे और गले लगा लिया-** सलमान ने बताया कि वे अपनी गाड़ी से उतरे और मुझे गले लगा लिया। मेरी दुकान पर आए, हालचाल पूछा। 2009-13 के बीच संतोष पटेल जब भोपाल में इंजीनियरिंग कर रहे थे, तो पास में ही एक बिल्डिंग में अकेले रहते थे। उन्हें थोड़ी सी ही सब्जी लगती थी। मैं कई बार उनसे पैसे नहीं लिया करता था। डीएसपी बनने के बाद वे मिलने आए, तो बहुत खुशी हुई। जैसे पहले मिला करते थे, ठीक वैसे ही मुलाकात की।

मेरे पास से डीएसपी सर का नंबर खो गया था। उनके आईपीएस बनने के बाद मैं उनकी वीडियो देखा करता, लेकिन नंबर नहीं होने की वजह से बात नहीं हो पाई। इसके बाद भी मैंने सोचा था कि कभी न कभी तो डीएसपी साहब से मिलूंगा और उन्हें पुरानी पहचान बताकर याद दिलाऊंगा।

**सोशल मीडिया स्टार हैं डीएसपी संतोष पटेल-** डीएसपी संतोष पटेल वर्तमान में ग्वालियर जिले में तैनात हैं। वे सोशल मीडिया पर सामाजिक मुद्दों के साथ पर्सनल लाइफ से जुड़े वीडियो शेयर करते हैं। साथ ही ऐसी रील्स भी बनाते हैं, जो पॉजिटिव मैसेज दे। इनके कुछ वीडियो के व्यूज मिलियन्स में हैं।

## मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में शादी की, लेकिन फेरे नहीं लिए

# दूल्हा-दुल्हन बोले- हमारा विवाह अगले साल, विधायक के कहने पर मंडप में बैठे

**उज्जैन,(एजेंसी)। उज्जैन जिले में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना से हुई शादियों में एक जोड़े ने न तो फेरे लिए, न ही मंगलसूत्र पहनाने और मांग भरने की रस्म निभाई। सामूहिक विवाह सम्मेलन मंगलवार को देवउठनी ग्यारस पर नागदा के नरेंद्र मोदी खेल प्रशाल में हुआ था।**

दूल्हा - दुल्हन का एक वीडियो सामने आया है। वे कह रहे हैं कि उनकी शादी अगले साल फरवरी में होने वाली है। विधायक और नगर पालिका अध्यक्ष के कहने पर मंडप में बैठे। हम लोगों से कहा गया था कि 49 हजार रुपए का चेक मिलेगा।



मामले में उज्जैन कलेक्टर नीरज सिंह खाचरोद नगर पालिका के सीएमओ घनश्याम माचार को नोटिस देकर जांच कराने की बात कही है।

पकड़े जाने पर दूल्हा-दुल्हन ने कहा कि वे स्थानीय विधायक बहादुर सिंह और नगर पालिका के अध्यक्ष राकेश राठौर के कहने पर मंडप में बैठे थे।

हमसे कहा गया कि सिर्फ शामिल हो जाओ, 49 हजार रुपए मिलेंगे।

इस विवाह सम्मेलन में 81 जोड़ों के विवाह और निकाह हुए। रतलाम की दिव्या और अजय ने भी शादी की, लेकिन रस्में नहीं निभाईं। दोनों ने शादी के लिए खाचरोद नगर पालिका से रजिस्ट्रेशन कराया था।

मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत दूल्हा - दुल्हन और इनके परिवार के लोग जब पकड़े गए तो उन्होंने इसका ठीकरा स्थानीय विधायक बहादुर सिंह और नगर पालिका के अध्यक्ष राकेश राठौर पर फोड़ दिया। उन्होंने कहा कि विधायक और अध्यक्ष ने बोला था कि आप तो बैठ जाओ, मांग और फेरे की रस्म मत करना।

दुल्हन दिव्या ने बताया-खाचरौद में बैठक हुई थी। इसमें हमें बुलाया गया था। हमारा विवाह फरवरी 2025 में होने वाला है। हमसे कहा गया कि आप तो सामूहिक विवाह में शामिल हो जाओ। सिर्फ फार्म भर दो। 49 हजार रुपए का चेक मिलेगा।

## संपादकीय

# छीन रहे रोजगार

खुदरा महंगाई अक्तूबर में बढ़ कर पिछले चौदह महीनों के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान से भी ऊपर, 6.2 फीसद दर्ज हुई। रिजर्व बैंक काफी समय से खुदरा महंगाई को चार फीसद पर लाने की कोशिश कर रहा है। इसीलिए छह बार से वह अपनी मौद्रिक नीति को यथावत रखते हुए रेपो रेट को साढ़े छह फीसद पर बनाए हुए है। हालांकि रिजर्व बैंक को अनुमान था कि अक्तूबर में खुदरा महंगाई कुछ बढ़ेगी, मगर छह फीसद से ऊपर चले जाने का उसे अनुमान नहीं था। इसकी वजह खाद्य वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी बताई जा रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आंकड़ों के मुताबिक अक्तूबर महीने में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खाने-पीने की चीजों की महंगाई 10.87 फीसद रही, जो कि पिछले पंद्रह महीनों में सबसे अधिक है। हालांकि त्योहारी मौसम होने के कारण औद्योगिक उत्पादन में कुछ बढ़ोतरी दर्ज हुई और वह 3.1 फीसद पर पहुंच गया है, जबकि अगस्त महीने में इसमें चिंताजनक गिरावट दर्ज हुई थी। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि थोक और खुदरा महंगाई के बीच किस कदर अंतर और असंतुलन है। खुदरा महंगाई की मार सबसे अधिक निम्न और मध्यम आयवर्ग पर पड़ती है। रोजमर्रा उपयोग होने वाली वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी बहुत सारे लोगों के दैनिक उपभोग और उनके पोषण पर प्रतिकूल प्रभाव छोड़ती है। अनुमान है कि अभी कम से कम एक वर्ष तक खुदरा महंगाई के रुख में नरमी के आसार नहीं हैं। यानी बैंक दरों में बदलाव की आस लगाए लोगों को अभी और इंतजार करना पड़ेगा। रिजर्व बैंक का तर्क है कि बैंक दरें ऊंची रखने से महंगाई पर काबू पाने में काफी मदद मिली है। मगर पिछली छह मौद्रिक समीक्षाओं में इसका कोई उल्लेखनीय असर नजर नहीं आया है। दरअसल, सरकार तदर्थ उपायों से मुद्रास्फीति पर काबू पाने का प्रयास कर रही है। हकीकत यह है कि लोगों की क्रयशक्ति लगातार घटी है। रोजगार के अवसर सिकुड़ते गए हैं। घरेलू मांग और निर्यात घटने से औद्योगिक उत्पादन में भी उतार नजर आता है। इस तरह वहां भी रोजगार के अवसर छीज रहे हैं। लोगों के पास रोजगार नहीं होगा, तो उनकी क्रयशक्ति भी नहीं बढ़ेगी। क्रयशक्ति नहीं बढ़ेगी, तो बाजार में पूंजी का प्रवाह नहीं बढ़ेगा। ऊपर से, खाने-पीने की कीमतें आसमान छू रही हैं। खुदरा महंगाई बढ़ने के पीछे आमतौर पर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने का तर्क दिया जाता है। यह ठीक है कि दुनिया में कई जगह संघर्ष चलने की वजह से तेल की कीमतों पर भी असर पड़ा है, मगर पिछले काफी समय से हमारे देश में इसका कोई खास दबाव नजर नहीं आ रहा। फिर, खाने-पीने की चीजों की कीमतें ऐसे मौसम में बढ़ रही हैं, जब बाजार में फसलों की भरपूर आवक रहती है। मौसमी फलों और सब्जियों की कीमतें भी आम आदमी की क्षमता से बाहर चली गई हैं।

### अर्ज किया है..!

*जिन आँखों से*
*मुझे तुम देखते हो*
*मैं उन आँखों से*
*दुनिया देखता हूँ*

*- रसा चुग़ताई*

isha



*जब आप सही दिशा में बढ़ते हैं, तब आपके पास दुनिया की दिशा को ही बदल देने की शक्ति होती है।*

*- जग्गी वासुदेव*

## धर्म-कर्म

# कार्तिक पूर्णिमा पर बन रहे हैं 2 अद्भुत संयोग, इस शुभ मुहूर्त में पूजा करने से मिलेगा संपूर्ण फल



**हिंदू धर्म में कार्तिक पूर्णिमा का विशेष महत्व माना जाता है। इस दिन भगवान विष्णु के साथ ही भगवान शिव की पूजा भी की जाती है। पौराणिक कथाओं में बताया गया है कि इस दिन भगवान शिव ने त्रिपुरासुर नामक राक्षस का अंत करके उसके आतंक से देवताओं को मुक्ति दिलाई थी, इसलिए इस दिन का महत्व शास्त्रों में बहुत खास माना जाता है। इस दिन पूजापाठ के साथ दानपुण्य करने और गंगास्नान करने से आपके सभी कष्ट दूर होते हैं और कई जन्मों के पापों का अंत होता है। कार्तिक पूर्णिमा पर अबकी बार दो बहुत ही शुभ संयोग बने हैं। इस शुभ योग में पूजा करने से आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी और साथ ही विशेष पुण्य की प्राप्ति होगी।**

### ◆ कार्तिक पूर्णिमा पर बने हैं ये शुभ योग

कार्तिक पूर्णिमा पर चंद्रमा और मंगल एक-दूसरे की राशि में रहेंगे और राशि परिवर्तन योग बनाएंगे। इस दिन गजकेसरी योग और बुधादित्य राजयोग भी बन रहा है। साथ ही इस बार कार्तिक पूर्णिमा पर शश राजयोग का शुभ संयोग भी बना हुआ है। इसी दिन शनि अपनी राशि कुंभ में मार्गी होने जा रहे हैं। इन सभी शुभ योग में किया जाने वाला दान सौ गुना फल देगा और आपके सभी आर्थिक कष्ट दूर होंगे।

### ◆ कार्तिक पूर्णिमा पर पूजा का शुभ मुहूर्त

पंचांग के अनुसार, कार्तिक पूर्णिमा की शुरुआत 15 नवंबर को सुबह 06 बजकर 19 मिनट पर होगी और समापन 16 नवंबर को सुबह 02 बजकर 58 मिनट पर होगा। इस दिन स्नान और दान का शुभ मुहूर्त सुबह 04 बजकर 58 मिनट से सुबह 5 बजकर 51 मिनट तक रहेगा। भगवान सत्यनारायण की पूजा का समय सुबह 06 बजकर 44 मिनट से सुबह 10 बजकर 45 मिनट तक रहेगा।

कार्तिक पूर्णिमा पर सत्यनारायण कथा के लाभ कार्तिक पूर्णिमा पर सत्यनारायण भगवान की पूजा करने का खास महत्व पद्म पुराण में बताया गया है। इस दिन घर में सत्यनारायण भगवान की कथा करवाने आपके घर की शुद्धि होती है और हर प्रकार की नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होती है। इस दिन सत्यनारायण भगवान की पूजा करने से ग्रहदशा अनुकूल होती है और आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। साथ ही मां लक्ष्मी आपसे प्रसन्न होकर परिवार के सभी लोगों को तरक्की प्रदान करती हैं।

Maharashtra

# गर्भवती को लेकर जा रही एंबुलेंस में लगी आग, तेज धमाके में उड़े वाहन के चीथड़े

**मुंबई, (एजेंसी)** महाराष्ट्र के जलगांव में एक सड़क चलती एंबुलेंस में जोरदार धमाका हो गया। इस एंबुलेंस में एक गर्भवती महिला और उसका परिवार भी था। हालांकि अच्छी बात यह रही है कि हादसे में सभी सुरक्षित बच गए। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें दिख रहा है कि चलती हुई एंबुलेंस में आग लग जाती है। इसके कुछ ही देर के बाद तेज धमाका होता है और आग की लपटें चारों तरफ बिखरती दिखाई दे रही हैं। विस्फोट में एंबुलेंस के चीथड़े उड़ गए।

एंबुलेंस में धमाका इतना तेज था कि इसके असर से आसपास के घरों की खिड़कियां तक टूट गईं। हालांकि



हादसे में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। यह घटना जलगांव के दादावाड़ी इलाके के नेशनल हाइवे पर हुई। यह एंबुलेंस गर्भवती महिला को लेकर एर्डेनॉल सरकारी स्कूल से जलगांव के जिला अस्पताल जा रही थी। एंबुलेंस ड्राइवर ने अचानक देखा कि इंजन से धुआं निकल रहा है। इसके बाद वह खुद बाहर निकल गया और उसमें बैठे अन्य लोगों को भी भागने को कहा। इसके बाद ड्राइवर ने आसपास जा रहे पैसेंजर्स को भी आगाह किया। इसके कुछ ही मिनट के बाद एंबुलेंस में आग लग गई। फैलते-फैलते आग एंबुलेंस के ऑक्सीजन टैंक तक पहुंच गई और अचानक काफी तेज धमाका हुआ। वीडियो में भी धमाके की तेज आवाज सुनाई दे रही है।

Bihar

## एक लाख रुपए में बिक रहा था नवजात बच्चा, महिला समेत तीन तस्करों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पूर्णिया, (एजेंसी)** पूर्णिया पुलिस की टीम ने नवजात बच्चा तस्करी गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गुप्त सूचना पर एक महिला समेत तीन तस्कर को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक लाख रूपया में बेच रहा 10 से 12 दिन का एक नवजात बच्चा को भी बरामद किया है। पुलिस ने तीनों बच्चा तस्करों को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई कर रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों में मधुबनी थाना क्षेत्र के लंका टोला के संगीता रानी, कटिहार जिले के फलका थाना अंतर्गत छोटी चादर का अंकित राज एवं अविनाश कुमार शामिल है। एएसपी आलोक रंजन ने नवजात बच्चा तस्कर गिरोह का खुलासा करते हुए कहा कि 10 से 12 दिन का एक नवजात बच्चा के बिक्री के लिए तस्कर गिरोह के सदस्य ग्राहक खोज रहे थे। इस आशय की सूचना एसपी को पिछले एक माह से मिल रही थी कि शहर में नवजात बच्चा तस्कर गिरोह के सदस्य, जिसका मोबाइल नंबर 7970932267 है,खरीद फरोख्त का काम कर रहे हैं। एक नवजात बच्चे के खरीद फरोख्त के लिए एक लाख रुपये लेने की बात चल रही थी।

Gujrat

## साइबर ठगी के 111 करोड़ रखने को दिए 623 बैंक खाते, सूरत में गैंग का भंडाफोड़

**सूरत, (एजेंसी)** देश और दुनिया में साइबर ठगी का पैसा रखने में मदद करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गुजरात की सूरत पुलिस ने गिरफ्तार किया है. इन्होंने ठगी के 111 करोड़ रुपये से अधिक ट्रांस्फर करने के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय साइबर बदमाशों को 623 बैंक अकाउंट प्रोवाइड कराए थे.

प्रारंभिक जांच से पता चला है कि मंगलवार को गिरफ्तार किए गए चारों आरोपी एक गिरोह का हिस्सा थे, जो साइबर जालसाजों के साथ काम करते थे.इनके खिलाफ राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) को अब तक 866 शिकायतें मिली हैं. उन्होंने कहा, इन अपराधियों पर देशभर में 200 एफआईआर दर्ज हैं.

जून में, सूरत पुलिस ने कमीशन लेने के बाद धोखाधड़ी के पैसे को पार्क करने के लिए साइबर



अपराधियों को बैंक खाते (जिन्हें 'म्यूल' खाते कहा जाता है) प्रदान करने में शामिल आठ लोगों को गिरफ्तार किया था. एक पुलिस विज्ञप्ति में कहा गया है कि उनसे पूछताछ में आठ और लोगों का पता चला, जिनमें से दो दुबई में स्थित थे. वे ऐसे खाते उपलब्ध कराने में शामिल थे, जिनका इस्तेमाल आमतौर पर साइबर अपराधों की आय को वैध बनाने के लिए किया जाता था.

Uttarpradesh

## 'थोड़ा सा ड्रिंक किया और मैटर गंभीर हो गया', प्रतापगढ़ में अपनी ही शादी में टल्ली होकर पहुंचा दूल्हा तोताराम

### दुल्हन के घरवालों ने किया ये हाल



**प्रतापगढ़, (एजेंसी)** यूपी के प्रतापगढ़ में हैरान करने वाला मामला सामने आया, जहां एक युवक अपनी शादी में शराब पीकर पहुंच गया. जैसे ही इसकी भनक दुल्हन को लगी उसने शादी से इनकार कर दिया. देर रात तक मान-मनौव्वल का दौर चला, पुलिस बुलाई गई, लेकिन दुल्हन नहीं मानी. दुल्हन पक्ष ने दूल्हे और उसके पिता को बंधक बना लिया. आरोप है कि उनके साथ हाथापाई और गाली-गलौज की गई. आखिर में दूल्हे को बारात लेकर बैरंग लौटना पड़ा. साथ ही दुल्हन के घरवालों को शादी/बारात में खर्च हुई रकम भी लौटानी पड़ी.

दरअसल, प्रतापगढ़ के कंधई थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले संजय ने अपनी बेटी की शादी करनपुर खुजी गांव निवासी तोताराम उर्फ अनीस कुमार के साथ तय की थी. सोमवार की शाम जैसे ही बारात गांव पहुंची तभी घरातियों को पता चला कि दूल्हे और उसके पिता ने जमकर शराब पी रखी है और नशे में टल्ली होकर हंगामा कर रहे हैं. इस बात को लेकर लड़की और लड़का पक्ष आमने-सामने आ गए. कहासुनी के बाद बात इतनी बढ़ गई कि लड़की ने शादी करने से ही इनकार कर दिया. पिता ने भी बेटी का समर्थन किया. ऐसे में शादी के सारे इंतजाम धरे रह गए. बाराती मायूस होकर लौटने लगे.

अगले दिन (मंगलवार) लड़की पक्ष द्वारा शादी में खर्च किए गए पैसे वापस करने की डिमांड की गई. जिसपर लड़का पक्ष भड़क उठा.

खेल

# टी20 में भारत के सबसे सफल तेज गेंदबाज बने अर्शदीप तीसरे मैच में दिलाई रोमांचक जीत, तिलक भी चमके

**सेंचुरियन, (एजेंसी) भारत ने तीसरे टी20 मैच में दक्षिण अफ्रीका को 11 रनों से हराकर चार मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली। सेंचुरियन में खेले गए मुकाबले में तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने आखिरी ओवर में मार्को यानसेन का विकेट चटकाकर भारत की वापसी कराई। बता दें कि, इस मैच में मेजबानों ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। तिलक वर्मा की 107* और अभिषेक शर्मा की 50 रनों की पारी की बदौलत भारत ने 20 ओवर में छह विकेट 219 रन बनाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका 20 ओवर में सात विकेट पर 208 रन ही बना सकी। इस जीत के बाद टीम इंडिया की नजर अब चौथे और अंतिम मुकाबले पर होगी। यह मैच 15 नवंबर यानी शुक्रवार को जोहानिसबर्ग में खेला जाएगा।**







**आठवीं बार टीम इंडिया ने टी20 में 200 से ज्यादा का स्कोर बनाया-** भारत ने इस मैच में 200 से ज्यादा का स्कोर बनाकर बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इस साल यह आठवीं बार है जब टीम इंडिया ने टी20 में 200 से ज्यादा का स्कोर बनाया है। भारतीय टीम एक कैलेंडर वर्ष में खेल के सबसे छोटे प्रारूप में सर्वाधिक बार 200+ स्कोर करने वाली पहली टीम बन गई है। उसने इस मामले में बर्मिंघम बियर्स और जापान को पीछे छोड़ा। बर्मिंघम बियर्स ने 2022, जबकि जापान ने इस साल टी20 में सात-सात बार 200 से अधिक का स्कोर बनाया है। भारत ने पिछले साल टी20 में कुल सात बार 200 से अधिक का स्कोर खड़ा किया था।

**टी20 में भारत के दूसरे सबसे सफल गेंदबाज बने अर्शदीप-** तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए फॉर्म में दिख रहे हेनरिक क्लासेन को आउट कर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। क्लासेन अच्छी लय में थे और लगातार बड़े शॉट खेल रहे थे, लेकिन अर्शदीप ने उन्हें आउट कर दक्षिण अफ्रीका को छठा झटका दिया। क्लासेन 22 गेंदों पर एक चौके और चार छक्कों की मदद से 41 रन बनाकर आउट हुए। अर्शदीप इसके साथ ही टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत के दूसरे सबसे सफल गेंदबाज बन गए हैं। अर्शदीप के नाम 92 विकेट हो गए हैं और उन्होंने जसप्रीत बुमराह और भुवनेश्वर कुमार को पीछे छोड़ दिया है।

**कीड़ों ने डाला खलल-** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीसरे टी20 मैच में कीड़ों ने खलल डाला जिसके कारण मैच को रोकना पड़ा है। मैदान पर काफी उड़ने वाले कीडें है जिस कारण दोनों टीमों के खिलाड़ियों को दिक्कत हो रही है। हार्दिक पांड्या दूसरा ओवर फेंकने जा रहे थे, लेकिन अंपायर ने उन्हें रोका और चर्चा के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ी मैदान से बाहर चले गए हैं।

सिनेमा

## बॉक्स ऑफिस पर फिर चला 'मंजुलिका' का काला जादू, 13वें दिन भी की जमकर छापे नोट





बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन उन स्टार्स में हैं, जिनकी फिल्मों को दर्शकों ने हमेशा ही प्यार दिया है। हाल ही में कार्तिक की हॉरर कॉमेडी फिल्म 'भूल भुलैया 3' रिलीज हुई है। अनीस बज्मी द्वारा निर्देशित 'भूल भुलैया 3' ने दिवाली के मौके पर यानी 1 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक दी थी। इस फिल्म में एक बार फिर से कार्तिक ने रुह बाबा के किरदार से दर्शकों का दिल जीता है। इस 'भूल भुलैया' फ्रेंचाइजी से बॉलीवुड की धक धक गर्ल माधुरी दीक्षित भी जुड़ गई हैं। कार्तिक और माधुरी के अलावा फिल्म में मंजुलिका यानी विद्या बालन, तृप्ति डिमरी और राजपाल यादव जैसे स्टार्स मौजूद हैं। फिल्म ने ओपनिंग डे से ही बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाया। 'भूल भुलैया 3' को रिलीज हुए 13 दिन हो गए हैं। ऐसे में अब के बुधवार के दिन का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन सामने आ गया है। आइए जानते हैं कि अब तक फिल्म ने कितना कमाया। अनीस बज्मी की 'भूल भुलैया 3' के साथ बॉक्स ऑफिस पर रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम अगेन' ने भी दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक दी। ऐसे में इन दोनों बड़ी फिल्मों के बीच जबरदस्त टक्कर हुई। हालांकि, शुरुआती दिनों में अजय देवगन की 'सिंघम अगेन' ने भले ही बॉक्स ऑफिस पर अपना जोर दिखाया, लेकिन अब 'भूल भुलैया 3' का कलेक्शन हर दिन ज्यादा ही देखने को मिल रहा है। 'भूल भुलैया 3' ने ओपनिंग डे पर 35.5 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था।

## Highlights

1. **BJP's Satya Sharma named presiding officer for MCD mayor polls**
2. **T'gana CM, Aaditya Thackeray visits Tirupati Balaji temple in Worli**
3. **CM Shinde confronts man who called him traitor, obstructed convoy**
4. **Dirty politics being done in Maha: Sule on Uddhav's bag check row**
5. **Article 370 won't be restored even if Indira Gandhi returns from heaven: Shah**
6. **With AQI at 432, smog engulfs Delhi for 2nd consecutive day**

# 'To create 15,000 jobs': Gautam Adani to invest $10 billion into US energy and infra, congratulates Donald Trump

**NEW DEIHI, (Agency).** The Adani Group plans to invest $10 billion into energy and infrastructure projects in the US, chairman Gautam Adani announced in a post on X (formerly Twitter) He also congratulated the newly elected US President Donald Trump.

"Congratulations to @ realDonaldTrump," he wrote. "As the partnership between India and the United States deepens, the Adani Group is committed to leveraging its global expertise and invest $10 billion in US energy security and resilient infrastructure projects, aiming to create up to 15,000 jobs."

However, Gautam Adani did not give any further details, such as the time or scale of the projects, apart from their value.

The announcement comes at a time when the US oil and gas industry group, the American Petroleum Institute (API), has asked Donald Trump to end several of President Joe Biden's policies, which they claim have threatened jobs and energy security, according to a Money Control report.

Trump, meanwhile, used



the slogan "Drill, baby, drill" in his victory speech to showcase his stance on the oil sector, promising to increase its production even further.

This also comes amid the Adani Group's plans to set up 10 GW of overseas hydroelectric projects over the next few years, according to a Reuters report. The report added that the group is looking to build such projects in Nepal, Bhutan, Kenya, Tanzania, the Philippines, and Vietnam.

Gautam Adani had also hosted four visiting ambassadors from the European Union, Germany, Denmark and Belgium. He gave them an in-depth tour of the group's renewable energy operations in Gujarat.

Adani Enterprises also has a tie-up with US-based EdgeConneX, a global data center operator, to build hyperscale data centers in India.

# ITR deadline is November 15, 2024 for these taxpayers

**NEW DEIHI, (Agency).** The deadline for filing income tax returns (ITR) for the financial year 2023-24 is November 15, 2024, specifically for taxpayers subject to an income tax audit and some other designated taxpayers, The Economic Times reported.

The deadline was initially set for October 31, 2024, but was extended once to November 15. Therefore, further extensions are unlikely.

This ITR submission is closely related to submitting the tax audit report, which has details that must be referenced in the ITR. Thus, the tax audit report must also be submitted before filing the ITR.

Who all have to file ITR by November 15, 2024?

The ET report cited chartered accountant Prakash Hegde as saying the following types of taxpayers have to file ITR by November 15, 2024, for FY 2023-24:

Companies, including both Indian and foreign. All taxpayers whose accounts have to be audited under any law (for example, under the Income Tax Act or the Limited Liability Partnership Act or even the Co-Operative Societies' Act, etc).

Partners of firms whose accounts have to be audited under any law.

Transfer-pricing cases- According to the report, the deadline is November 30, 2024, if the taxpayers have international or specified domestic transactions.

They must submit a transfer pricing audit report in Form 3CEB by October 31, 2024, and file an ITR by November 30.

If the transfer pricing report has not been submitted, it must be done so since some details from Form 3CEB must be filled in. Otherwise, according to the report, a penalty of ₹1 lakh and an additional 2% of the transaction value for international transactions with related parties will be issued.

# 19 साल बाद फिर सड़कों पर दौड़ेंगी सरकारी बसें

## सरकार ने आईएएस मनीष सिंह को सौंपी जिम्मेदारी

**परिवहन मंत्री का आश्वासन, जनवरी तक शुरू हो जाएगी परिवहन सेवा**

**इस बार ज्यादातर इलेक्ट्रिक बसें चलेगी**

**परिवहन विभाग ने बसों के लिए तैयार किया खाका**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मध्य प्रदेश की सड़कों पर 19 साल से बंद पड़ी सरकारी बसें एक बार फिर फर्राटा भरती नजर आएंगी। प्रदेश सरकार द्वारा सस्ती और टिकाऊ लोक परिवहन सेवा नए साल 2025 से शुरू करने की तैयारी की जा रही है। सरकार सबसे पहले आदिवासी बाहुल्य संभागों व कुछ जिलों में सड़क परिवहन सेवा को शुरू करने के प्रयास कर रही है। परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने दोहराया कि सरकारी बसें चलाने के लिए विभाग तेजी से काम कर रहा है। कई स्तर पर 50 फीसदी काम हो चुका है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने ही पिछली केबिनेट की बैठक में सरकारी बसें चलाने का मुद्दा उठाया था। केबिनेट ने बसें चलाने की हरी झंडी देकर अधिकारियों को बस सेवा शुरु करने के निर्देश दिए थे।

संभवतः जनवरी के पहले टिकाऊ लोक परिवहन सेवा शुरू हो जाएगी। विभाग द्वारा योजनाएं बनाई जा रही है, मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में जल्द कार्य शुरू होगा। सरकार पीपीपी मोड पर सेवाएं शुरू करे या 100 फीसदी विभागीय नियंत्रण में सस्ती लोक परिवहन सेवा दे इसके निर्णय की जिम्मेदारी सरकार ने आइएएस मनीष सिंह को दी है। उन्हें सोमवार देर रात किए गए तबादलों में परिवहन विभाग का अपर सचिव बनाया है। साथ ही मप्र राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रबंध संचालक की जिम्मेदारी दी है। अभी तक यह जिम्मेदारी संजय कुमार जैन के पास थी जो सड़क परिवहन निगम को दोबारा चालू करने के अलग-अलग प्रस्ताव पर काम कर रहे थे।

### ज्यादातर इलक्ट्रिक बसें चलाने का निर्णय

सरकारी परिवहन सेवामें ज्यादातर बसें इलेक्ट्रिक चलाई जाएंगी, इनमें जीपीएस सिस्टम लगा होगा। यात्रियों को पारदर्शी किराया व्यवस्था के साथ ऑनलाइन निगरानी होगी। यात्रियों को अग्रिम किराया भुगतान व कार्ड की व्यवस्था की जाएगी। सीसीटीवी आधारित सुरक्षा होगी, पिछली व्यवस्था की तरह लापरवाही की गुंजाइश बिल्कुल नहीं होगी।

# एमपी बोर्ड छात्र को देगा संशोधित मार्कशीट

## ◆ छात्र की याचिका पर हाईकोर्ट से राहत, सवालों के सही जवाब देने पर भी नहीं मिले थे नंबर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **एक छात्र को अब एमपी बोर्ड द्वारा संशोधित मार्कशीट दी जाएगी। इस संबंध में छात्र ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसके बाद कोर्ट ने बोर्ड को निर्देशित किया है।**

दरअसल, जेईई एग्जाम की तैयारी कर रहे एक छात्र को कम अंक दिए जाने के मामले में हाई कोर्ट से राहत मिली है। जस्टिस सुबोध अभ्यंकर की बेंच ने छात्र अभिवंत गुप्ता की याचिका स्वीकार करते हुए एमपी बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन को निर्देश दिया है कि वह दस दिनों के भीतर संशोधित मार्कशीट जारी करे।

**चार प्रश्नों के सही उत्तर देने के बावजूद नही मिले अंक-** छात्र अभिवंत ने 2023-24 में 12वीं की परीक्षा दी थी। इसमें वह उत्तीर्ण घोषित किया गया था, लेकिन उसे 500 में से 372 अंक मिले, जबकि मॉडल आंसर शीट के आधार पर उसे पता चला कि फिजिक्स, मैथ्स और केमिस्ट्री विषय के चार प्रश्नों के सही उत्तर देने के बावजूद उसे इसके अंक नहीं मिले। इस कारण उसने एडवोकेट हर्षवर्धन शर्मा के माध्यम से हाई कोर्ट में याचिका दायर कर अंक दिए जाने की गुहार लगाई। सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद, हाई कोर्ट ने छात्र के करियर को ध्यान में रखते हुए याचिका स्वीकार कर निर्देश जारी किए।

# हाथ पकड़कर कहा- बात क्यों नहीं करती हो

**इंदौर**। चंदन नगर में स्कूली छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। छात्रा स्टेशनरी की दुकान पर गई थी। इसी दौरान मनचला उसके पीछे पड़ गया। पुलिस ने मामले में आरोपी पर केस दर्ज किया है। 15 साल ने छात्रा अपनी शिकायत में बताया ने वह 9वीं क्लास में पढ़ाई करती है। इलाके में रहने वाला रमजान पिछले कई दिनों से परेशान कर रहा है। मंगलवार रात को वह स्टेशनरी की दुकान पर गई। यहां भी वह आ गया। घर जाते वक्त वह पीछे आने लगा। कहने लगा कि साथ चल, मैं इग्नोर करते हुए आगे बढ़ी तो उसने हाथ पकड़ लिया। कहा कि बात क्यों नहीं करती हो। मैं हाथ छुड़ाकर घर की तरफ भागी। पिता को जाकर पूरी बात बताई। तब पड़ोसी अंकल के साथ पिता थाने लेकर आए।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक